CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 28 ▫ अंक- 125 ▫ रायपुर, शुक्रवार 30 मई 2025 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## अंबेडकर अस्पताल की अव्यवस्था पर हाई कोर्ट ने दागे कई सवाल, जवाब के लिए सरकार ने मांगा और समय

**बिलासपुर,** 30 मई (हाईवे चैनल)। राजधानी रायपुर के अंबेडकर अस्पताल में फैली अव्यवस्थाओं और मरीजों को हो रही परेशानी को लेकर सामने आई मीडिया रिपोर्ट पर संज्ञान लेते हुए हाई कोर्ट ने सचिव से जबाव मांगा था, लेकिन सरकार अपना जवाब नहीं दे पाई. महाधिवक्ता ने और समय की मांग की. जिसे चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा की बेंच स्वीकार कर लिया। दरअसल, चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा की डिवीजन में सुनवाई हुई थी, जिसमें मीडिया रिपोर्ट में प्रकाश में लाए गए मामले पर संज्ञान लेकर लापरवाही पर नाराजगी जाहिर की थी. रिपोर्ट में बताया गया था कि प्रदेश के सबसे सरकारी अस्पताल में टूटी हुई हड्डियों, दुर्घटनाओं में फ्रैक्चर, गंभीर चोटों और कैंसर के रोगियों को सर्जरी के लिए एक या दो दिन नहीं बल्कि 15 से 20 दिन तक इंतजार करना पड़ता है. कई बार मरीजों को ऑपरेशन थियेटर में ले जाने के बाद वापस लाया जाता है. इससे गंभीर रोगियों की जान का जोखिम बढ़ गया है।



मरीजों के साथ मौजूद परिजनों का कहना है कि डॉक्टर और स्टाफ उन्हें बिना बताए ऑपरेशन थियेटर से वापस भेज देते हैं. ऐसा एक-दो बार नहीं, बल्कि कई बार होता है. अगर वे इसका विरोध करते हैं, तो उन्हें निजी अस्पताल में जाकर इलाज कराने को कहा जाता है. मजबूरी में लोग इलाज होने तक मरीजों के साथ अस्पताल में ही रहते हैं। अंबेडकर अस्पताल में छोटे-बड़े ऑपरेशन थियेटर मिलाकर कुल 29 ऑपरेशन थियेटर हैं. सभी में सर्जरी के लिए सिर्फ 1-2 डॉक्टर हैं.

अस्पताल में रोजाना दुर्घटना, कैंसर और गंभीर बीमारियों से पीड़ित दर्जनों मरीज आते हैं. कई मरीज ऐसे हैं जो एक महीने से ऑपरेशन का इंतजार कर रहे हैं. आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों के पास अपनी बारी का इंतजार करने के अलावा कोई विकल्प नहीं होता. कई बार मरीजों के परिजन अपना आपा खो देते हैं. डॉक्टरों और प्रबंधन के साथ तीखी नोकझोंक होती है. मारपीट तक की नौबत आ जाती है. हाइ कोर्ट ने उपरोक्त मामले के मद्देनजर सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, छत्तीसगढ़ से व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करने कहा था. लेकिन समय पर अपेक्षित हलफनामा संबंधित सचिव द्वारा प्रस्तुत नहीं किया जा सका. महाधिवक्ता प्रफुल्ल एन भारत ने कहा हलफनामा तैयार किए जाने की बात कहते हुए इसे प्रस्तुत करने के लिए कुछ समय देने का अनुरोध किया. महाधिवक्ता के अनुरोध को स्वीकार करते हुए बैंच ने इस मामले को 10 जून को सूचीबद्ध किया है।

### हाईकोर्ट ने प्रधानपाठक के निलंबन पर लगाई रोक

**जांच समिति के फैसले को दी थी चुनौती**

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने पंडो जनजाति के प्रधानपाठक मानसिंह पंडो के निलंबत करने के आदेश पर रोक लगा दी है. मानसिंह पंडो के जाति प्रमाण पत्र की वैधता को लेकर सवाल उठे थे. मामले में जिला स्तरीय जाति प्रमाण पत्र परीक्षण समिति ने जांच के बाद उनके जाति प्रमाण पत्र को अमान्य घोषित कर दिया था.

कार्रवाई से नाराज मानसिंह पंडो ने इस फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी. कोर्ट ने प्राथमिक सुनवाई के बाद राज्य सरकार और अन्य संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर मामले में जवाब मांगा है. कोर्ट ने अगली सुनवाई तक निलंबन पर रोक लगाते हुए राज्य सरकार से स्पष्टिकरण मांगा है. गौरतलब है कि मानसिंह पंडो के खिलाफ शिकायत दर्ज होने के बाद प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए उन्हें निलंबित कर दिया था. अब कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद अगली सुनवाई तक उनके निलंबन पर रोक लगा दी गई है.



## छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज प्रशिक्षण शिविर, मंत्री और विधायकों के सचिव और निज सहायकों की चल रही ट्रेनिंग

**रायपुर,** 30 मई (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ विधानसभा भवन में आज प्रदेश के सभी मंत्रियों और विधायकों के सचिव और निज सहायकों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है, जिसका उद्घाटन विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने किया।

इस प्रशिक्षण शिविर में विधानसभा के सचिव विधानसभा की कार्यप्रणाली को लेकर सचिव और निज सहायकों को प्रशिक्षण दे रहे हैं। यह प्रशिक्षण बजट, प्रश्न, विधेयक, सुरक्षा के साथ अन्य विषयों पर आधारित है। इस कार्यक्रम में डॉ. रमन समेत नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत और संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप विशेष रूप से शामिल हुए है और इनका यहां उद्बोधन होना है।

## अनियंत्रित होकर माजदा खाई में गिरी, 2 की मौत, 8 लोग गंभीर रूप से घायल

**खैरागढ़,** 30 मई (हाईवे चैनल)। सड़कों दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए पुलिस द्वारा जन जागरूकता अभियान चलाए जाने के बाद भी आकड़ों में कमी नहीं आ रही है. खैरागढ़ जिले में दो भीषण हादसे हुए हैं. इन हादसों में 2 लोगों की मौत हो गई, जबकि 8 लोगों को गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं.

छिंदारी डेम के पास माजदा में सवार होकर गांव से लोग तेंदूपत्ता तोड़ने के बाद जंगल से लौट रहे थे. इसी दौरान वाहन अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरा. हादसे



में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य आठ घायल हो गए. स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची. घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया.छुईखदान टीआई जितेंद्र बंजारे ने बताया कि फिलहाल प्राथमिक जांच जारी है और हादसे के कारणों की विस्तृत पड़ताल की जा रही है. उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि हादसा वाहन की तकनीकी खराबी से हुआ या मानवीय लापरवाही के कारण से हुआ है।

### दिग्गज गीतकार-लेखक एचएस वेकंटेशमूर्ति का निधन



**नई दिल्ली,** 30 मई (न्यूज चैनल)। फिल्म इंडस्ट्री से पिछले कुछ दिनों से लगातार बुरी खबरें सुनने को मिल रही हैं। कभी काजोल के चाचा अयान मुखर्जी तो कभी एक्टर राजेश का निधन। वहीं, अब हाल ही में फिर एक दिल तोड़ने वाली खबर सामने आई है। फिल्मी और साहित्य की दुनिया पर राज करने वाले एचएस वेंकटेशमूर्ति का निधन हो गया है। सिनेमा को बेहतरीन लिरिक्स और डायलॉग्स देने वाले वेंकटेशमूर्ति का 80 साल की उम्र में देहांत हो गया। उनके इस दस दुनिया से जाने की खबर ने सबको गम में डूबो दिया है। एचएस वेंकटेशमूर्ति पिछले कुछ वक्त से उम्र संबंधी बीमारियों से जूझ रहे थे।

## ब्रेकिंग न्यूज

### पीएम मोदी को जान से मारने की धमकी से हड़कंप, आरोपी गिरफ्तार



**नई दिल्ली,** 30 मई (न्यूज चैनल)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन दिनों दो दिन के बिहार दौरे पर हैं। इसी बीच उनके दौरे के दौरान एक चौंकाने वाली घटना सामने आई जिसने सुरक्षा एजेंसियों की नींद उड़ा दी। 29 मई को पीएमओ के एक अधिकारी को वॉट्सऐप पर जान से मारने की धमकी मिली, जिसके बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए सुरक्षा एजेंसियां तुरंत हरकत में आ गईं। इस धमकी के बाद एनआईए, आईबी और गृह मंत्रालय ने मिलकर जांच शुरू की। पता चला कि यह मैसेज बिहार के भागलपुर जिले से भेजा गया था। तेजी से कार्रवाई करते हुए 4 घंटे के भीतर आरोपी समीर रंजन को गिरफ्तार कर लिया गया।

### सलमान खुर्शीद ने अनुच्छेद 370 को हटाए जाने के फैसले की सराहना की

**नई दिल्ली,** 30 मई (न्यूज चैनल)। कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने इंडोनेशिया में एक प्रतिनिधिमंडल से बातचीत करते हुए कहा कि संविधान के अनुच्छेद 370 ने लंबे समय से जम्मू-कश्मीर को शेष भारत से अलग मानने की धारणा बनाई हुई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार की ओर से अनुच्छेद को निरस्त करने के साथ ही यह धारणा समाप्त हो गई है। अनुच्छेद 370 ने जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा दिया था। अलग पहचान की भावना को बड़ी समस्या बताते हुए सलमान खुर्शीद ने अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने के बाद से हुए सकारात्मक परिणामों पर बात की।




चूहा- सुनती हो, पीएम मोदी कह रहे हैं कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ।

चुहिया- हां जी, भारतीय संस्कृति में सिंदूर चिरस्थायी है तो ऑपरेशन सिंदूर कैसे खत्म होगा?

## अंकिता मर्डर केस : कोर्ट ने सुनाया फैसला, 3 आरोपी दोषी करार




**नई दिल्ली,** 30 मई (न्यूज चैनल)। बहुचर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड मामले में कोटद्वार स्थित अपर जिला एवं सत्र न्यायालय (एडीजे कोर्ट) ने आज फैसला सुना दिया है। कोर्ट ने तीनों आरोपियों पुलकित आर्य, उसके कर्मचारी सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता को हत्या के मामले में दोषी करार दिया है। आरोपियों पर 302, 201, 354, धाराओं में दोष सिद्ध हुआ है। अभी अंतिम निर्णय कुछ ही देर में आएगा।

अदालत के फैसले पर पूरे उत्तराखंड और देश के लोगों की निगाहें टिकी थी। कोटद्वार में इसके लिए पुलिस प्रशासन की ओर से व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए गए है। गढ़वाल मंडल के विभिन्न जनपदों से पुलिस फोर्स कोटद्वार बुलाई गई है। अदालत परिसर के बाहर की सड़कों पर बैरिकेडिंग लगाई गई है। बीती 19 मई को अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता विशेष लोक अभियोजक अवनीश नेगी की ओर से बचाव पक्ष की बहस का जवाब देकर सुनवाई का सिलसिला समाप्त किया गया था। अदालत ने दोनों पक्षों की बहस व दलीलें सुनने के बाद फैसला सुनाने के लिए 30 मई की तिथि निर्धारित की थी। कोटद्वार स्थित एडीजे कोर्ट में 30 जनवरी, 2023 को मामले की पहली सुनवाई शुरू हुई थी। एसआईटी जांच के बाद अभियोजन पक्ष की ओर से अदालत में 500 पेज का आरोपपत्र दाखिल किया गया।

## मुक्तसर में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट में 5 की मौत

**नई दिल्ली,** 30 मई (न्यूज चैनल)। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार (30 मई, 2025) को पंजाब के श्री मुक्तसर साहिब जिले के एक गांव के पास एक पटाखा निर्माण और पैकेजिंग इकाई में हुए विस्फोट में पांच प्रवासी मजदूरों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। श्री मुक्तसर साहिब के लांबी इलाके में सिंघावली-कोटली रोड पर स्थित दो मंजिला फैक्ट्री में विस्फोट हुआ। कल देर रात एक पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट हुआ...फैक्ट्री में करीब 50 मजदूर काम करते हैं। पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) जसपाल सिंह ने बताया कि चार शव बरामद किए गए हैं और 27 घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट के बाद कई श्रमिकों के फंसे होने की आशंका है। बचाव अभियान जारी है। पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी), लांबी जसपाल सिंह ने बताया, कल देर रात एक पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट हुआ.

## दुर्ग के कौड़ीकसा में आर्सेनिक पानी से फैल रही बीमारी पर हाई कोर्ट लिया संज्ञान

**किया कोर्ट कमिश्नर नियुक्त**

**बिलासपुर,** 30 मई (हाईवे चैनल)। हाई कोर्ट की वेकेशन बेंच ने दुर्ग जिले के कौड़ीकसा गांव में आर्सेनिक पानी के इस्तेमाल से फैल रही बीमारियों पर संज्ञान लिया है. कोर्ट ने सुनवाई के बाद कोर्ट कमिश्नर नियुक्त कर जांच करने और वास्तविक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए.

सुनवाई के दौरान लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव ने शपथपत्र प्रस्तुत कर बताया कि गांव में लगभग 20 साल पहले ही फिल्टर प्लांट लगा दिया गया था, जिससे लोगों को साफ पानी उपलब्ध कराया जा रहा है. वर्तमान में इस क्षेत्र के दिए जा रहे पानी में आर्सेनिक की समस्या नहीं है. बीमारी के जो भी मामले हैं, वे पुराने हो सकते हैं. इस पर कोर्ट ने वकील विक्रम शर्मा को कोर्ट कमिश्नर नियुक्त कर गांव जाने और वहां स्थिति की पड़ताल के बाद रिपोर्ट देने के निर्देश दिए. उल्लेखनीय है कि दुर्ग संभाग मुख्यालय से लगभग 90 किलोमीटर दूर अंबागढ़ चौकी के पास कौड़ीकसा नामक गांव में आर्सेनिक युक्त जहरीले पानी से बीमारी फैलने पर कोर्ट ने संज्ञान लिया. इस गांव की जनसंख्या लगभग 2500 है, जिसमें किसी के घर में चर्म रोग है तो किसी के घर में अन्य रोगों से लोग पीड़ित होने की जानकारी सामने आई है.




CMYK